भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
ल खत प्रश्न सं. †2484
सोमवार, 01 अगस्त, 2022/10 श्रावण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

दिल्ली को पर्यटन हब के रूप में प्रोत्साहन

†2484. श्री रमेश बिधूड़ीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे  कः

**(क)** क्या सरकार ने दिल्ली को देश के साथ-साथ  वश्व में पर्यटन हब के रूप में प्रोत्साहन देने के  लए कोई कदम उठाया है/उठाने का प्रस्ताव है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्राचीन स्मारकों के संरक्षण और पुन र्वकास के  लए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी.  कशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय , दिल्ली सहित भारत का संवर्धन समग्र रूप से करता है। मंत्रालय वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में "अतुल्य भारत" ब्रांड लाइन के तहत देश के  व भन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के  लए महत्वपूर्ण और संभा वत  वदेशी बाजारों में वैश्विक  प्रंट , इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मी डया अ भयान जारी करता है। अतुल्य भारत अ भयान अपनी 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार' **(**डीपीपीएच) और 'बाजार  वकास सहायता सहित  वदेशी संवर्धन और प्रचार' **(**ओपीएमडी) योजनाओं के माध्यम से  वरासत , निरोगता, साह सक, आध्यात्मिक आदि सहित  व भन्न थीमों के तहत गंतव्यों का संवर्धन करता है। मंत्रालय की वेबसाइट **(www.incredibleindia.org)** और सोशल मी डया हैंडल्स के माध्यम से उत्तर प्रदेश सहित  व भन्न गंतव्यों का निय मत रूप से संवर्धन भी  कया जाता है।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार , राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 173 केंद्रीय रूप से संर क्षत स्मारक हैं। एएसआई द्वारा निय मत आधार पर आवश्यकता, प्राथ मकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर पर्यावरण  वकास , उपयुक्त भूनिर्माण सहित उनका संरक्षण, परिरक्षण और रखरखाव  कया जाता है।

*******